Regarding infrastructure development for setting up of a Mega Food Park in Maharajganj Parliamentary Constituency-laid

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल **(**महाराजगंज**) :** मेरा संसदीय लोक सभा क्षेत्र महाराजगंज बिहार कृषि बाहुल्य क्षेत्र है । कृषि ही मुख्य रूप से मेरे क्षेत्र की जनता का जीवन-यापन एव अर्थोपार्जन का मुख्य साधन है । रवि-खरीफ सहित वार्षिक फसलों के सभी चक्रों के अन्न, सब्जी एवं फलों का उत्पादन मेरे ससदीय क्षेत्र के बहुतायत किसानों के द्वारा किया जाता है । इसलिए हमारे क्षेत्र के किसान बंधुओं के लिए उत्पादित सभी स्तर के उत्पादन को संरक्षित करने, आधुनिक भण्डारण की व्यवस्था करने, खेत- खलिहान से लेकर अच्छे एवं लाभकारी विपन्नन की व्यवस्था प्रदान करने की जरूरत है । इसके लिए मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के विभिन्न योजनाओ के तहत मेगा फूड पार्क एकीकृत शीत श्रृंखला एवं मूल्य वर्धन परिरक्षण अवसंरचना स्थापित करने की नितांत आवश्यकता है, जिससे कि मेरे संसदीय क्षेत्र के किसानो को जनहित में आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का अवसर मिल सके तथा उनके आय को दोगुनी किया जा सके ।

अत: माननीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री से मेरा आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत अपने मंत्रालय के विभिन्न योजनाओं के तहत मेगा फूड पार्क, एकीकृत शीत श्रृंखला एवं मूल्य वर्धन परिरक्षण अवसरचना स्थापित कराया जाये ।